गुरुवार
23 नवंबर 2023

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज

किसानों को अधिक उर्वरक प्रयोग से होने वाले नुकसान के बारे में बताएं

2

राजौरी में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना के दो कैप्टन समेत तीन शहीद

एजेंसी/नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में सेना के 2 कैप्टन समेत तीन जवान शहीद हो गए। जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक सुबह 9 बजे सेना को आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। एनकाउंटर में सेना के 2 कैप्टन समेत कुल तीन शहीद हो गए, जबकि एक जवान गंभीर रूप से घायल है, जिन्हें इलाज के लिए उधमपुर ले जाया गया है। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर 2 आतंकवादी फंसे हुए थे। इसी सूचना पर सर्च ऑपरेशन शुरू हुआ। इसमें सेना के राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों के साथ पैराट्रूपर्स भी शामिल हुए, लेकिन आतंकी घात लगाकर बैठे थे। जैसे ही सेना उन आतंकियों के नजदीक पहुंची, वैसे ही आतंकियों की ओर से सेना पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू हो गई।

राहुल बोले... जेब कतरा अकेला नहीं आता, उसके साथ तीन लोग होते हैं

- राजस्थान में चुनावी सभा के दौरान कांग्रेस नेता ने पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कारोबारी गौतम अडाणी पर जमकर साधा निशाना

एजेंसी/धौलपुर

राजस्थान विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को धौलपुर के राजाखेड़ा, भरतपुर के नदबई और गंगापुर सिटी में सभाओं को संबोधित किया। राहुल ने पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कारोबारी गौतम अडाणी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जेब कतरा कभी अकेला नहीं आता, तीन लोग होते हैं। एक सामने से आता है, एक पीछे से आता है और एक दूर से देखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काम आपके ध्यान को इधर-उधर करने का है। वे सामने से टी.वी. में आते हैं और हिंदू-मुस्लिम, नोटबंदी, जीएसटी कहते हैं। पीछे से

अडानी आता है और आपका पैसा उठाकर ले जाता है। दूसरी तरफ से अमित शाह देखते हैं कि किसी को पता न लग जाए, दबाकर लाठी मारूंगा। राहुल गांधी ने आगे कहा, 'नरेंद्र मोदी का काम आपके ध्यान को इधर-उधर करने का है। वो टीवी पर आते हैं, कहते हैं- थाली बजाओ, मोबाइल की लाइट ऑन करो, हिंदू-मुस्लिम, नोटबंदी, मुझे फांसी लगा दो। ध्यान इधर-उधर करने वाला नरेंद्र मोदी, जेब काटने वाला अडाणी है और बाद में लाठी मारने वाला अमित शाह है।' कांग्रेस नेता ने कहा, वो भारत माता के नारे लगाते हैं और कहते हैं अडाणी जी की जय। जबकि मैं भारत माता की जय करता हूं। मेरे लिए भारत माता हिंदुस्तान के गरीब, दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग के लोग और छोटे दुकानदार हैं। मोदी जी की गारंटी का मतलब अडाणी की गारंटी। राहुल गांधी ने कहा, 'ये भारत माता है कौन? ये है क्या? ये भारत की जनता है। जब हम भारत माता की जय करते हैं तो हम भारत माता की जनता की जय करते हैं। दुनिया भारत माता को सोने की चिड़िया कहती है। तो आज सबसे बड़ा सवाल है कि सोने की चिड़िया में किसकी कितनी भागीदारी है। सोने की चिड़िया धन पैदा करती है। सवाल ये है कि आज इस देश में धन को कैसे बांटा जा रहा है। किसके हाथ में जा रहा है? क्या सचमुच में हिंदुस्तान का धन भारत माता की जनता के हाथ में जा रहा है या फिर भारत माता का धन कुछ चुने हुए लोगों के हाथ में जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा, '14 लाख करोड़ रुपए नरेंद्र मोदी ने हिंदुस्तान के 10-15 बड़े अरबपतियों का माफ किया है।

कांग्रेस पार्टी व गांधी परिवार भारत के राहु और केतु हैं : शाह

पाली। राजस्थान के पाली में चुनाव प्रचार के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस और राज्य की गहलोत सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने चुनावी सभा में कांग्रेस और गांधी परिवार को भारत की राहु और केतु करार दिया। केंद्रीय मंत्री ने राजस्थान पेपर लीक को लेकर सीएम अशोक गहलोत पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, तीन दिसंबर को राजस्थान में कांग्रेस जा रही है और बीजेपी आ रही है। भारत के भविष्य में जो भी परेशानियां पैदा हुई हैं वह केवल गांधी परिवार और कांग्रेस के कारण हुआ है। कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार भारत के राहु और केतु हैं। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी की जमकर तारीफ की। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा, पीएम मोदी ने 2014 में भारतीय अर्थव्यवस्था को दुनिया में 11वें से उठाकर दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया। उन्होंने कहा, पांच साल में गहलोत सरकार ने 40 लाख से ज्यादा युवाओं को पेपर लीक कर ठगने का काम किया है। 40 लाख

युवाओं ने रात-रात भर मेहनत कर पेपर की तैयारी की, लेकिन गहलोत एंड कंपनी ने अपने चट्टो-बट्टो को नौकरी देने के लिए पेपर लीक करवा दिया। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, यह बीजेपी ही थी जिसने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक निकाय बनाया। हमने देश को पहला ओबीसी प्रधानमंत्री दिया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, नई संसद बनाई और संसद में पहला बिल नारीशक्ति वंदन पास करवाया। जिससे अब महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसद आरक्षण मिलेगा। गहलोत जी वोटबैंक की राजनीति के लिए तुष्टिकरण करते हैं।

खबरें फटाफट

अश्लील फोटो भेज पूर्व मंत्री से मांगे 50 लाख रुपये

पटना। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और कद्दवार नेता वृषिण पटेल ने आर्थिक अपराध इकाई यानि ईओयू में शिकायत दर्ज कराई है कि दो लड़किया उन्हें अपने घर बुलाकर ले गई और कपड़े उतारने लगीं। इसके बाद वॉट्सऐप पर एडिटेड अश्लील फोटो भेजकर 50 लाख रुपए की मांग कर रही हैं। पटना के कदमकुंआ क्षेत्र में रहने वाले पूर्व मंत्री वृषिण पटेल ने कहा है कि फोन करने वाले उन्हें धमकी दे रहे हैं कि अगर पैसे नहीं दिए तो फोटो- वीडियो वायरल कर राजनीतिक करियर बर्बाद कर देंगे। इसके बाद बिहार सरकार के पूर्व मंत्री आर्थिक अपराध इकाई में पहुंचे और अश्लील फोटो भेजकर 50 लाख मांगने और धमकी देने का केस दर्ज कराया है। मामला दर्ज होने के बाद ईओयू जांच में जुट गई है। ईओयू पहुंचे मंत्री ने लिखित शिकायत में बताया है कि करीब दो महीने पहले एक महिला कदमकुआं थाना क्षेत्र स्थित उनके घर पर मिलने आई और मेरे स्टॉफ से कहा कि मुझे मंत्री जी से मिलना है। मना करने पर जिद करने लगी तो स्टॉफ ने मुलाकात करा दी। इसके बाद महिला ने कहा कि उन्हें एमएलए बनना है। मैंने कहा कि यह इतना आसान नहीं है। पार्टी कार्यालय आकर सदस्यता ग्रहण कर लीजिए इसके बाद लोगों के बीच जाकर काम कीजिए।

बिहार मंत्री परिषद की बैठक में 40 प्रस्तावों पर लगी मुहर

भूमिहीन परिवार को घर बनाने के लिए सरकार देगी 1.20 लाख रु.

- राज्य के सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता चार प्रतिशत बढ़ा
- सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत अत्यंत निर्धन परिवारों को 01 लाख के बदले 02 लाख रुपये दिये जायेंगे

केटी न्यूज/पटना

बिहार में सीएम नीतीश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक राज्य के सरकारी कर्मचारियों को बड़ा तोहफा मिला। कैबिनेट ने सरकारी सेवकों के लिए महंगाई भत्ता में इजाफा किया है। महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव पारित किया गया है। डीए को 42 प्रतिशत से 46 प्रतिशत करने का फैसला लिया गया। 1 जुलाई 2023 के प्रभाव से यह लाभ दिया जाएगा।

कैबिनेट के फैसले के बाद सीएम नीतीश कुमार ने ट्वीट कर कहा कि देश में पहली बार बिहार में जाति आधारित गणना का काम कराया गया है। जाति आधारित गणना के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति के आंकड़ों के आधार पर अनुसूचित जाति के लिये आरक्षण सीमा को 16 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षण की सीमा को 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 2 प्रतिशत, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षण की सीमा को 18 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत तथा पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षण की सीमा को 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है अर्थात सामाजिक रूप से कमजोर तबकों के लिये आरक्षण सीमा को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65

प्रतिशत कर दिया गया है। सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिये 10 प्रतिशत आरक्षण पूर्ववत लागू रहेगा। अर्थात इन सभी वर्गो के लिए कुल आरक्षण की सीमा को बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर दिया गया है।

गरीब परिवार के सदस्यों को 2 लाख रुपये तक की सहायता: नीतीश कुमार ने कहा कि जाति आधारित गणना में सभी वर्गों को मिलाकर बिहार में लगभग 94 लाख गरीब परिवार पाये गये हैं, उन सभी परिवार के एक सदस्य को रोजगार के लिए 2 लाख रुपये तक की राशि किश्तों में उपलब्ध करायी जायेगी। 63,850 आवासहीन एवं भूमिहीन परिवारों को जमीन क्रय के लिए दी जा रही 60 हजार रुपये की राशि की सीमा को बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दिया गया है। साथ ही इन परिवारों को मकान बनाने के लिए 1 लाख 20 हजार रुपये दिये जायेंगे। जो 39 लाख परिवार झोपड़ियों में रह रहे हैं उन्हें भी पक्का मकान मुहैया कराया जायेगा जिसके लिए प्रति परिवार 1 लाख 20 हजार रुपये की दर से राशि उपलब्ध करायी जायेगी। वहीं सतत जीविकोपार्जन योजना के अन्तर्गत अत्यंत निर्धन परिवारों की सहायता के लिए अब 01 लाख रुपये के बदले 02 लाख रुपये दिये जायेंगे।

बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने के लिए केन्द्र सरकार से अनुरोध करने का प्रस्ताव पारित

नीतीश कुमार ने कहा कि वे बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग वर्ष 2010 से ही कर रहे हैं। इसके लिए 24 नवम्बर, 2012 को पटना के गाँधी मैदान में तथा 17 मार्च, 2013 को दिल्ली के रामलीला मैदान में बिहार को विशेष राज्य के दर्जे के लिए अधिकार रैली भी की थी। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार की मांग पर तत्कालीन केन्द्र सरकार ने इसके लिए रघुराम राजन कमेटी भी बनाई थी जिसकी रिपोर्ट सितम्बर, 2013 में प्रकाशित हुई थी परन्तु उस समय भी तत्कालीन केन्द्र सरकार ने इसके बारे में कुछ नहीं किया। मई, 2017 में भी बिहार सरकार ने विशेष राज्य का दर्जा देने के लिए केन्द्र सरकार को पत्र लिखा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कैबिनेट की बैठक में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने के लिए केन्द्र सरकार से अनुरोध करने का प्रस्ताव पारित किया गया है। उन्होंने अनुरोध है कि बिहार के लोगों के हित को ध्यान में रखते हुये केन्द्र सरकार बिहार को शीघ्र विशेष राज्य का दर्जा दे।

सीएम ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में लगभग 2 लाख 50 हजार करोड़ रुपये की राशि व्यय होगी। इन कामों के लिये काफी बड़ी राशि की आवश्यकता होने के कारण इन्हें 5 साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सीएम ने कहा कि यदि केन्द्र सरकार की ओर से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिल जाय तो राज्य सरकार इस काम को बहुत कम समय में ही पूरा कर लेगी।

एक्शन में स्वास्थ्य विभाग... जिस दिन डॉक्टर हड़ताल पर रहेंगे, उसकी नहीं मिलेगी सैलरी

केटी न्यूज/पटना

बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ ने आह्वान पर 21 नवंबर को हड़ताल किया था। इससे ओपीडी सेवा बाधित हो गई थी। इस कारण सैकड़ों मरीजों को वापस लौटना पड़ा था। बिहार सरकार ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया है। स्वास्थ्य विभाग अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कड़ा एक्शन लेते हुए सभी मेडिकल कॉलेज के प्रिसिंपल और अस्पतालों के सिविल सर्जन को लेटर भेजा है। इसमें कहा गया है कि हड़ताल करने वाले डॉक्टरों के लिए नो वर्क-नो पे पॉलिसी लागू कर दी गई है। जिस दिन वह हड़ताल पर रहेंगे, उस दिन उन्हें सैलरी नहीं मिलेगी।

मंत्री तेजस्वी यादव के स्वास्थ्य विभाग की ओर से कहा गया है कि बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ ने एक दिन के लिए कार्य बहिष्कार की घोषणा की थी। ऐसा निर्णय लेने से पहले संघ ने सरकार को समुचित रूप से इसे संज्ञान में नहीं लाया है। इसलिए यह निर्णय पूरी तरह से अवैध है। इसलिए 21 नवंबर को कार्य बहिष्कार करने वाले डॉक्टर (बिहार सरकार के अंतर्गत कार्यरत) का वेतन अवरुद्ध किया जाता है।

जान जोखिम में डालकर डॉक्टर काम नहीं कर सकते हैं : संघ

इधर, बिहार सरकार ने इस लेटर का बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ ने विरोध किया है। संघ के अपर महासचिव डॉ. हसरत अब्बास ने कहा कि जान जोखिम में डालकर डॉक्टर काम नहीं कर सकते हैं। पूर्णिया में डॉक्टर पर जानलेवा हमला हुआ। उनकी हालत गंभीर है। इस घटना के बाद से डॉक्टर खुद को असुरक्षित महसूस करने लगे है। ऐसे में बिहार सरकार ने एक दिन का वेतन काटने का निर्णय लिया है, यह गलत है। बता दें कि 21 नवंबर को डॉक्टर पर हुए जानलेवा हमले के विरोध का पूरे बिहार के डॉक्टरों ने विरोध किया था। सभी सरकार अस्पताल में ओपीडी सेवा बाधित हो गई थी। और प्राइवेट अस्पताल भी बंद थे। इससे मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था।



सीएम योगी के दिशा-निर्देशों पर राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड ने शुरू की तैयारियां

उप्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने पर सरकार का फोकस

केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ

उत्तर प्रदेश की औद्योगिक व आर्थिक उन्नति के साथ ही आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर रही योगी सरकार प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। यूं तो, उत्तर प्रदेश धार्मिक महत्व वाले स्थलों के लिहाज से काफी समृद्ध रहा है, मगर इनमें काशी, प्रयागराज, मथुरा-वृंदावन, अयोध्या, मिजार्पुर, गोरखपुर, चित्रकूट, नैमिषारण्य व देवीपाटन क्षेत्रों के तीर्थस्थलों को प्रमुखता दी जाती है। वहीं, प्रदेश में अब उन धार्मिक, आध्यात्मिक व ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों को भी सौंदर्यीकरण व विकास कार्यों के लिए वरीयता जा रही है जो कई वर्षों से इस प्रक्रिया से वंचित रहे हैं।

इस क्रम में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है जिसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (यूपीएसटीडीसी) ने शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत यूपीएसटीडीसी ने बस्ती में

काली माता मंदिर, झरखंडी मंदिर व श्रीराम-जानकी मंदिर, आजमगढ़ में कालिका मंदिर व उन्नाव में सिद्धपीठ माता मंशारानी मंदिर तथा लखीमपुर में काली मंदिर, सेठ घाट तथा बाबा बनवारी दास धाम व बरेली के धोपेश्वर नाथ मंदिर समेत कुल 10 धार्मिक महत्व वाले स्थलों पर सौंदर्यीकरण समेत विकास कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। इन स्थलों के सौंदर्यीकरण व लंबित विकास कार्यों के पूर्ण होने से न केवल इन तीर्थों पर पर्यटन का विकास होगा बल्कि इसके जरिए क्षेत्र की उन्नति का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

बस्ती समेत 5 जिलों के तीर्थ स्थलों का होगा कायाकल्प

उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा शुरू की गई सौंदर्यीकरण व विकास प्रक्रिया के मौजूदा चरण में कुल 5 जिलों के चिह्नित तीर्थों में विकास प्रक्रिया को पूर्ण करने की तैयारी की गई है। इनमें बस्ती व लखीपुर के मंदिरों व तीर्थस्थलों को प्रमुखता दी गई है। बस्ती के विक्रमजोत स्थित देवखार गांव में स्थित झरखंडी मंदिर, दुबखारा स्थित काली माता मंदिर व रेपुरा के जंगलों में स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर में सौंदर्यीकरण व विकास कार्यों को पूर्ण करने के लिए यूपीएसटीडीसी की ओर से ई-टेंडरिंग प्रक्रिया शुरू की गई है जिसके जरिए चयनित कंपनी व एजेंसी को कार्य आवंटित किए जाएंगे। इसी प्रकार आजमगढ़ के हरखोरी स्थित माता कालिका मंदिर में भी विकास कार्यों को पूर्ण करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दूसरी ओर, उन्नाव के सिद्धपीठ माता मंशारानी मंदिर व नवल जातापुर स्थित बौद्ध तीर्थस्थल के विकास और सौंदर्यीकरण की प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए कायार्वंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

5000 साल पुराने धोपेश्वर नाथ मंदिर को भी मिलेगी अलग पहचान: बरेली के छावनी क्षेत्र में स्थित धोपेश्वरनाथ मंदिर केवल धार्मिक तीर्थ ही नहीं, बल्कि कई ऐतिहासिक घटनाओं का साक्षी भी रहा है। ऐसी मान्यता है कि 5000 साल पुराने इस मंदिर में द्रौपदी के गुरू धूम ऋषि ने द्वापर युग में तपस्या की थी। इस दौरान उन्होंने यहां शिवलिंग की स्थापना की और तभी से इसका नाम धोपेश्वरनाथ पड़ गया। उनके प्राण त्यागने के कुछ वर्षों बाद यह मंदिर धोपेश्वर नाथ के नाम से प्रसिद्ध हुआ। कई श्रद्धालु इसे धोपा मंदिर भी बोलते हैं। यह भी कहा जाता है कि अवध के नवाब शुजाउद्दौला की मनोकामना भी इस मंदिर में पूर्ण हुई थी। इसी प्रकार, लखीमपुर के सेठ घाट, बांकेगंज स्थित बाबा बनवारी दास धाम तथा पडसर के मोहम्मदी गांव स्थित काली माता मंदिर भी किसी परिचय का मोहताज नहीं है। इन सभी तीर्थस्थलों में सौंदर्यीकरण समेत विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए शीघ्र ही कार्य आवंटित कर दिया जाएगा।

प्रशिक्षण कार्यशाला में फसल कटनी से जुड़ी जटिलताओं पर हुई चर्चा

केटी न्यूज/औरंगाबाद

पंचायत स्तरीय फसल कटनी प्रयोग 2023-24 का जिला स्तरीय एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन योजना भवन के सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा आंकड़ों की गुणवत्ता पर विशेष प्रकाश डाला गया। जिला कृषि पदाधिकारी औरंगाबाद एवं मोती कुमार दिनकर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी औरंगाबाद द्वारा फसल कटनी के मुख्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए उनकी जटिलताओं को सुगमता पूर्वक समझाया गया। अवर सांख्यिकी पदाधिकारी बृजेंद्र कुमार एवं जिला सांख्यिकी कार्यालय के अवर सांख्यिकी पदाधिकारी अभय प्रताप सिंह एवं रफीगंज प्रखंड सांख्यिकी

पदाधिकारी शैलेंद्र नारायण सिंह द्वारा विस्तृत रूप से फसल कटनी प्रयोग संपादित करने की विधि बताई गई। साथ में सभी भेद पर पत्रों को भरने के लिए विस्तार से बताया गया। फसल कटनी प्रयोग 10 बाय 5 वर्ग मीटर में किया जाता है जिला से आयोजन सूची प्राप्त होते ही प्रपत्र करके माध्यम से प्लॉट का चुनाव किया जाता है। प्रयोग का संपादन सीसी एग्री अप के माध्यम से करना अनिवार्य है। सीसीई एग्री ऐप से संपादित करने की विधि से सभी को अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अन्य अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए।

राजस्व संबंधित कार्यों के त्वरित निष्पादन पर जोर

औरंगाबाद । अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन की अध्यक्षता में सभी अंचल अधिकारी व राजस्व अधिकारी एवं राजस्व कर्मचारी के साथ समीक्षा बैठक आहुत कि गई जिसमें राजस्व संबंधित कार्यों के सफल एवं त्वरित निष्पादन हेतु चर्चा की गई। बैठक में दाखिल खारिज, आधार सीडिंग, सरकारी भूमि को पोर्टल पर अपलोड करने एवं अभियान बसेरा फेज - 2 का विशेष रूप से समीक्षा किया गया। दाखिल खारीज के अत्यधिक दिन से लंबित मामलों से संबंधित अंचला अधिकारी को फटकार लगाई गई एवं सख्त निदेश दिया गया कि एक सप्ताह के अंदर सभी लंबित मामलों का निष्पादन करेंगे। आधार सीडिंग का कार्य में तेजी लाने हेतु कैंप का अयोजन अंचल स्तर पर करने एवं अभियान बसेरा फेज - 2 के अंतर्गत पचास-पचास प्रस्ताव देने का निदेश दिया गया। इसके साथ ही मौजावार सरकारी भूमि का पोर्टल पर अपलोडिंग कार्य सभी मौजा में शत प्रतिशत दो दिनों के अन्दर प्रारंभ कराने हेतु सभी अंचल अधिकारी को निदेशित किया गया। अपर समाहर्ता द्वारा बताया गया कि सभी अंचल कार्यालयों एवं हल्का का अब नियमित निरीक्षण किया जाएगा। बैठक में राजस्व प्रभारी पदाधिकारी सच्चिदानंद सुमन एवं भुमि सुधार उप समाहर्ता सदर स्वेतांक लाल एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

थाना प्रभारी रात्रि गश्ती के दौरान विशेष तौर पर सतर्कता बरतें: एसपी

- औरंगाबाद एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम ने की क्राइम मीटिंग, अपराध पर अंकुश लगाने का दिया निर्देश

केटी न्यूज/औरंगाबाद

औरंगाबाद जिले में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम ने योजना भवन के सभागार में क्राइम मीटिंग कर सभी पुलिस पदाधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम ने थाना प्रभारियों को रात्रि गश्ती पर विशेष सतर्कता बरतने के साथ-साथ क्षेत्र में नशाखोरी को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया है।

उन्होंने कहा कि नशीली पदार्थों के कारोबार तथा उनका सेवन करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई किया जाए ताकि समाज को नशा मुक्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि थाने पहुंचने वाले सभी फरियादियों की बातों को गंभीरता से सुनकर निदान करें। दायित्वों के प्रति लापरवाही करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। घंटों चली क्राइम मीटिंग में एसपी के तेवर कई बार सख्त दिखे तो कुछ समय के लिए अभिभावक की तरह थाना प्रभारियों को समझाते भी रहे। इस दौरान उन्होंने शराब के 2000 लीटर से अधिक के कांड, अवैध खनन के लंबित कांड, वांछित अभियुक्त, 107, 110 की कार्रवाई, जब्ती एवं पीएमएलए प्रस्ताव, सांप्रदायिक कांड, अज्ञात मामले, सीसीटीएनएस इंट्री, वी सी एन बी में संधारित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, सीपीग्राम - ई-डैशबोर्ड के लंबित आवेदन की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मो. अमानुल्लाह खा, दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋषि राज, मुख्यालय पुलिस उपाधीक्षक नव वैभव, जिला अंतर्गत सभी अंचल पुलिस निरीक्षक सहित विभिन्न थानों के थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

खबरें फटाफट

फरार अवैध हथियार सप्लायर गिरफ्तार

औरंगाबाद। अवैध हथियार तस्करी मामले में फरार एक तस्कर को नगर थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया हैं। पकड़ा गया तस्कर अरवल ज़िले के भवानीपुर थाना क्षेत्र के मझियावा गांव निवासी बैजू शर्मा हैं। मामला ओवर ब्रिज के समीप 08.10.23 की हैं जिसमें नगर थाना की पुलिस द्वारा एक कार से 700 अवैध कारतूस एवं दो मैगजीन बरामद किया गया था। इस दौरान मामले में एक तस्कर धनंजय कुमार को गिरफ्तार किया गया था। पूछ-ताछ के दौरान उसने बताया कि उक्त अवैध कारतूस एवं मैगजीन बैजू के पास से खरीदा था और रांची डिलिवरी के लिए जा रहा था। मामले में आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधिक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम के निर्देश पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मो. अमानुल्लाह खां के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा छापेमारी की गई जिसमें बैजू घर से पकड़ा गया। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मो. अमानुल्लाह खां ने बताया कि अवैध हथियार तस्करी मामले में फरार एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। यह पुर्व के कांड में वांछित अभियुक्त है जिसमें वह फरार था।

अवैध शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

औरंगाबाद। छापेमारी के दौरान ओबरा पुलिस ने पांच लीटर अवैध शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ़्तार किया है। कारोबारी कड़ियाही खुर्द गांव का नारायण यादव हैं। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत उसे जेल भेज दिया गया।

संदेश थाना क्षेत्र के खोलपुर गांव की घटना, खेत में गिरा था तार

खेत पटाने जा रहे युवक की करंट लगने से मौत, कोहराम

- इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में तोड़ा दम, दो साल पहले ही हुई थी शादी

केटी न्यूज/आरा

संदेश थाना क्षेत्र के खोलपुर गांव में बुधवार की सुबह करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाये जाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक खोलपुर गांव निवासी स्व.देवकी सिंह का 40 वर्षीय पुत्र अरविंद सिंह था। चचेरे भाई वीरेंद्र सिंह ने बताया कि वह बुधवार की सुबह खेत पटाने जा रहा था। खेत के समीप बीच रास्ते में पहले से करंट प्रवाहित तार टूट कर गिर पड़ा था। जानकारी नहीं होने के कारण वह तार के संपर्क में गया और बुरी तरह से झुलस गया। इसके बाद मौजूद लोगों की सूचना पर उसे फौरन इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी अस्पताल पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।

चचेरे भाई वीरेंद्र सिंह ने बताया कि अरविंद सिंह राजस्थान के जोधपुर में प्राइवेट कंपनी में काम करता था। दीपावली में छुट्टी लेकर गांव आया था। बताया जा रहा है कि अरविंद सिंह अपने पांच भाई और दो बहनों में चौथे स्थान पर था। उसकी शादी दो वर्ष पूर्व हुई थी। हालांकि उसे कोई संतान नहीं था। उसके परिवार में मां, पत्नी पूजा कुमारी, भाई लाल मोहर सिंह, सत्य नारायण सिंह, हरेंद्र सिंह, बहन तेतरी देवी और शुभांगी देवी है। उसके एक भाई भाई राजवंश सिंह का ढाई वर्ष पूर्व स्वाभाविक मौत हो गई थी। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है। मां और पत्नी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मारपीट में गंभीर रूप से घायल हुए बुजुर्ग की 12 दिन बाद मौत

आरा। धोबहां ओपी क्षेत्र के देवढ़ी गांव में मारपीट में चोटिल बुजुर्ग की 12 दिन बाद मौत हो गयी। झारखंड के रांची स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज के दौरान रविवार की रात उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक देवढ़ी गांव निवासी स्व. छबीला साह के 87 वर्षीय पुत्र सुद्धन साह थे। 12 दिन पूर्व मारपीट के दौरान उन्हें गंभीर चोट लगी थी। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बीते नौ नवंबर की शाम घर में ईट फेंकने के विवाद को लेकर पड़ोसी से उनके परिवार के साथ मारपीट हुई थी। उसमें वह जख्मी हो गए थे। उसके बाद उनका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया था। इसके बाद वह घर वापस चले आए थे। 20 नवंबर को उनकी तबीयत एक बार फिर बिगड़ गई। उसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए रांची ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान रविवार की देर शाम उन्होंने दम तोड़ दिया। परिजनों का कहना है कि गत 9 नवंबर की शाम मारपीट के दौरान गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौत हुई है। इधर, इस संबंध में धोबहा ओपी इंचार्ज सुशांत कुमार ने बताया कि 9 नवंबर को घर में ईंट फेकने के विवाद में पड़ोस के लोगों से मारपीट हुई थी। उसमें बुजुर्ग जख्मी हो गए थे। उसे लेकर बुजुर्ग की ओर से ही पड़ोस की एक महिला समेत तीन लोगों पर प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी।

मामूली विवाद में वार्ड सदस्य और पुत्र की पिटाई

आरा। धोबहां ओपी क्षेत्र के सलेमपुर गांव में बुधवार सुबह मामूली विवाद में वार्ड सदस्य और उसके पुत्र की जमकर पिटाई कर दी गई। उससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिनका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है।घायलों में सलेमपुर गांव निवासी वार्ड नंबर 7 के वार्ड सदस्य सत्यानंद यादव और उनके पुत्र हिमांशु यादव शामिल हैं। वार्ड सदस्य सत्यानंद यादव ने बताया कि उनके पट्टीदार के लोग किसी-किसी बातों को लेकर झगड़ा किया करते हैं। बुधवार की सुबह वह अपने घर के बाहर धन पीट रहे थे। तभी उनकी पत्नी और पट्टीदार की महिला के बीच मामूली सी बात को लेकर कहासुनी हुई। देखते-देखते ही बात बहुत बढ़ गई। उसके बाद पट्टीदार के लोगों ने मिलकर दोनों बाप-बेटे की लाठी डंडों से जमकर पिटाई कर दी। इससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

दिन में करते थे रेकी, रात में करते थे, गिरोह का पुलिस ने किया उद्भेदन

औरंगाबाद। दिन में मकानों की रेकी और रात की अंधेरे में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चार विधि विरुद्ध किशोर को पुलिस ने निरुद्ध किया है। साथ ही मोबइल चोरी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया हैं। इस दौरान विधि विरुद्ध किशोर के पास से चोरी की एक इन्वर्टर, पांच मोबइल फोन, 12000 नगद एवं एक सोने की अंगूठी बरामद किया गया है। यह कार्रवाई नगर थाना की पुलिस द्वारा की गई। इस दौरान पकड़े गए चार विधि विरुद्ध किशोर के अलावा थाना क्षेत्र के टिकारी रोड अंतर्गत मिनी बिगहा निवासी सुनील राय के पुत्र 19 वर्षीय पंकज कुमार हैं।

सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मो. अमानुल्लाह खां ने बताया कि रात के अंधेरे में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक गिरोह का उद्भेदान किया गया है जिसमें चार विधी विरुद्ध किशोर को निरूद्ध किया गया है जिनका नगर थाना में दो अलग-अलग मामले दर्ज हैं जिसमें एक मामला 11 नवंबर 2023 की हैं जबकि दूसरा 20 नवंबर 2023 की है। इन दोनों मामले की उद्भेदन को लेकर पुलिस अधिक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम के निर्देश पर कार्रवाई की गई जिसमें उनके नेतृत्व में थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी सहित अन्य पुलिस बलों के द्वारा की गई। इस दौरान विधी विरुद्ध किशोरों के पास से चोरी की एक इन्वर्टर, पांच मोबइल फोन, 12000 नगद एवं एक सोने की अंगूठी बरामद किया गया है। इसके आलावा मंगलवार की रात मिनी बिगहा के साहदुर आलम के घर से दो मोबाईल चोरी कर ली गई थी जिसमें एक आरोपित पंकज कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

एक नजर

छठ पूजा हिन्दू ही नहीं, बल्कि मुस्लिम युवकों के लिए भी बना आस्था का प्रतीक: विधायक

औरंगाबाद। छठ पूजा के अवसर पर बारुण प्रखंड के रतनपुरा गांव में एक संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक आनंद शंकर सिंह एवं युवा राजद के प्रदेश सचिव चंदन कुमार ने संयुक्त रुप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि लोक आस्था के महान पर्व छठ पूजा सिर्फ हिन्दू ही नहीं, बल्कि मुस्लिम युवकों के लिए भी आस्था का प्रतीक बन गया है। पहले मुस्लिम समुदाय के लोग छठ में सहयोग करते थे लेकिन अब छठ पर्व के प्रति आस्था और भगवान सूर्य के प्रति उनका विश्वास इतना बढ़ गया है, कि निर्जला व्रत रख कर भगवान भास्कर को अर्घ्य देते हैं जिसका मिसाल पेश किया है, मंच संचालन अल्पसंख्यक समाज के तेजाम अंसारी ने , जो यह दो धर्मो के लिए कौमी एकता का मिशाल हैं। युवा राजद के प्रदेश सचिव चंदन कुमार ने कहा कि लोक आस्था के महान पर्व छठ पूजा पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रकृति के पूजा के रूप में माना जाता है। इसलिए इसे लोक आस्था का पर्व कहा जाता है और इसे हर वर्ग और संप्रदाय के लोग श्रद्धा भक्ति के साथ कर सकते हैं।

गुरारू की टीम ने फुटबॉल टूनार्मेंट में मारी बाजी, फाइनल में देव से होगा मुकाबला

औरंगाबाद। तृतीय प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूनार्मेंट का दूसरा सेमीफाइनल का मुकाबला गया ज़िले के गुरारू एवं बिसुनपुरा के बीच खेला गया। यह अयोजन सदर प्रखंड के कृष्ण युवा क्लब आलमपुर के तत्वधान में अयोजित किया गया। इस दौरान गुरारू की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 3-0 से जीत दर्ज किया। इसके साथ ही गुरारु ने टूनार्मेंट के फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित किया। मौके पर दोनों टीमों के खिलाड़ियों का फेसर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने हौसला अफजाई किया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है। गांव क्षेत्रों में इस तरह के टूनार्मेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। जानकारी देते हुए टूनार्मेंट के अध्यक्ष पवन यादव ने बताया कि आज खेल के दौरान बेहतर प्रदर्शन करते हुए गुरारू की टीम ने इस जीत के साथ ही टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले के लिए जगह सुनिश्चित किया है जिसमें अब गुरारू का मुकाबला देव प्रखंड के आंदपुरा से होगा। मौके पर संजय बाबा, सरोज यादव, सुशील कुमार, राकेश कुमार, रंजीत, रूपेश, किशोर कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

जहानाबाद में भव्य भंडारा का आयोजन

जहानाबाद। जिला मुख्यालय स्थित शिवाजी पथ में लक्ष्मी पूजा समिति एवं छठ पूजा समिति की ओर से भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया। शिवाजी पथ में आयोजित इस भंडारा में भारी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु पहुंचे। मालूम हो कि प्रत्येक वर्ष लक्ष्मी पूजा एवं छठ पूजा समिति शिवाजी पथ जहानाबाद की ओर से भव्य भंडारा का आयोजन किया जाता है। इस भंडारा कार्यक्रम में शिवजी पथ के कई दुकानदारों के अलावे सामाजिक लोगों का सहयोग प्राप्त रहता है। भंडारा में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किये।

किसानों को अधिक मात्रा में उर्वरक प्रयोग से होने वाले नुकसान के बारे में बताएं: डीडीसी

केटी न्यूज/जहानाबाद

उप विकास आयुक्त परितोष कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक बुधवार को जहानाबाद समाहरणालय सभा कक्ष में हुई। इसमें रबी 2023-24 में विभिन्न उर्वरकों की उपलब्धता, निर्धारित मूल्य पर बिक्री, शिकायतों के अनुश्रवण हेतु नियंत्रण-कक्ष की स्थापना, छापामारी दल का गठन तथा मांग के अनुसार उर्वरक की समय पर आपूर्त्ति आदि के सम्बन्ध में उपस्थित माननीय सदस्यों एवं प्रतिनिधियों से सुझाव एवं विचार प्रकट करने के लिए कहा गया। सदस्यों/ प्रतिनिधियों के द्वारा बताया गया कि किसानों को सुविधापूर्वक

निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध हो सके, यूरिया के साथ अन्य उर्वरकों की टैगिंग न हो, इस जिले को आवंटित उर्वरक दूसरे जिला में नहीं जाय, फसल मौसम में आवश्यकतानुसार उर्वरकों की उपलब्धता बनी रहे, इसे सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

जिला पदाधिकारी ने निदेश दिया कि किसानों को उनकी वास्तविक आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरकों की बिक्री की जाए। किसानों को अधिक मात्रा में उर्वरक प्रयोग से होने वाली हानियों के बारे में प्रशिक्षण, नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से बताने के लिए कहा गया।

बाइक चोर गिरोह का एक शातिर गिरफ्तार

औरंगाबाद। चोरी की एक बाइक के साथ आरोपित को मदनपुर थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया आरोपित थाना क्षेत्र के गौरा गांव निवासी छोटू कुमार हैं। थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा ने बताया कि सूचना मिली की आरोपित चोरी की बाइक के साथ घर आया हुआ है जिसके अलोक में पहुंची पुलिस ने आरोपित के घर से चोरी गई पल्सर बाइक बरामद किया गया। वहीं पूछताछ में अपनी संलिप्ता स्वीकारते हुए बताया कि उसका एक गिरोह हैं। जो बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। इस संदर्भ में उसने थाना क्षेत्र के बारा गांव निवासी राजन कुमार सिंह उर्फ राजा को गिरोह का अपना सदस्य बताया है। इसके बाद पकड़े गए आरोपी के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

अजय कुमार बने प्रधान डाकघर औरंगाबाद के डाकपाल, स्वागत

केटी न्यूज/औरंगाबाद

प्रधान डाकघर औरंगाबाद में नए पोस्टमास्टर के रुप में अजय कुमार ने पदभार ग्रहण किया हैं। नव पद स्थापित डाकपाल इसके पूर्व गया ज़िले में प्रधान डाकघर में ए.पी.एम एकाउंट के रुप में कार्यरत थे। गौरतलब है कि पिछले काफी दिनों से डाकपाल का पद रिक्त था। आज नव पद स्थापित डाकपाल ने प्रभारी पोस्टमास्टर मंजू सिंह पदभार लिया। इस मौके पर पूर्व डाकपाल लखन प्रसाद, अंजनी कुमार सिन्हा, निर्भय कुमार सिंह, शालिनी, अनिता तिवारी, रंजन कुमार सिंह, उमेश कुमार सिंह, रंजीत कुमार, आमीर बशीर, परवेज आलम, बलीराम रजक, हिमांशु शेखर,अमित कुमार, बाला जी,

अनिल कुमार, राजेश कुमार सहित अन्य डाक कर्मियो ने पुष्प गुच्छ देकर नव पद स्थापित डाकपाल को सम्मानित किया। इसके आलावा मौके पर फैडरेशन यूनियन के सचिव सैयद शफकत इजहार ने भी डाकपाल का स्वागत किया तथा बेहतर कार्य की अपेक्षा की। वहीं इस अवसर पर डाकपाल अजय कुमार ने सभी को धन्यबाद दिया और अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य का आश्वासन दिया।

नौ दिसंबर को लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने की बैठक, बोले...

लोक अदालत वादों का निस्तारण सुलह के आधार पर कराने का सशक्त माध्यम

केटी न्यूज/औरंगाबाद

नौ दिसंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम ने अपने प्रकोष्ठ में तैयारियों को लेकर न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी आनंद भूषण, प्रथम अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी सौरभ सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी राजेश सिंह, चतुर्थ

साद रज्जाक, ओम प्रकाश नारायण सिंह, शोभित सौरभ न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी उपस्थित हुए।

सचिव ने कहा कि लोक अदालत के आयोजन हेतु समय काफी कम बचा है इसलिए यथाशीघ्र अपने न्यायालय से संबंधित सुलहनीय वादों को चिन्हित करते हुए संबन्धित पक्षकार को इसकी सूचना देने हेतु निर्देश दें। साथ ही चिन्हित वादों के संबंध में अद्यतन जानकारी प्राधिकार को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दें ताकि समय रहते सम्बन्धित पक्षकारों से प्रि-काउन्सलिंग कर ज्यादा-से ज्यादा वादों का निष्पादन कराया जा सके। जिसपर उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों के द्वारा अपने-अपने न्यायालय में लम्बित सुलहनीय वादों के सम्बन्धित पक्षकारों को सूचना देने हेतु भरोसा दिया गया। साथ ही पुरी सूची प्राधिकार को उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया।

विदित है कि दिनांक 09 दिसंबर को लगनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्राधिकार में अभी से वृहत रूप से तैयारी की जा रही है। सचिव द्वारा कहा गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत वादों का निस्तारण सुलह के आधार पर कराने का एक सशक्त माध्यम है जिसमें सम्बन्धित को त्वरित न्याय प्राप्त होता है। सचिव द्वारा आम जन से भी अपील किया गया गया कि 09 दिसम्बर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठायें। किसी भी व्यक्ति को अपने सुलहनीय वाद का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में करवाना चाहते हैं तो किसी भी कार्य दिवस में जिला विधिक सेवा प्राधिकार में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

डुमरांव। लोक आस्था के महापर्व छठ के दौरान विभिन्न छठ घाटों पर स्थापित भगवान भास्कर और दिपावली के अवसर स्थापित मां लक्ष्मी-गणेश और मां काली की प्रतिमाओं का विसर्जन बुधवार को किया गया। पूजा समिति के सदस्यों ने जुलूस के शगल में यात्रा निकाल प्रतिमाओं का विसर्जन किया। इस दौरान डीजे की धुन पर समिति सदस्य नाचते गाते हुए पूरे शहर का भ्रमण किया। दोपहर बाद से ही प्रतिमाओं का विसर्जन करने वाले पूजा समिति सदस्य सड़क पर उतर आए थे। वाहनों पर मूर्तियों का रख उसके पीछे चल रहे युवा घंटों नाचते रहे। विसर्जन जुलूस देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग अपने घरों से बाहर निकल आए थे। इस दौरान छठिया पोखरा पूजा समिति, नया तालाब पूजा समिति, लालगंज कड़वी पूजा समिति सहित कई अन्य पूजा समितियों ने भगवान भास्कर की प्रतिमाओं को पूरे विधि विधान से विसर्जन किया। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों से भी प्रतिमा विसर्जन की गई।

भाई को स्कूल से लाने जा रही युवती की ट्रेन से कटकर मौत

डुमरांव। बुधवार की दोपहर स्थानीय रेलवे स्टेशन पर एक लोमहर्षक घटना सामने आई। एक युवती टेज्न की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना दोपहर डेढ़ बजे प्लेटफार्म के पश्चिमी छोर के पास अप मेन लाईन की है। मृतका सिमरी थाना क्षेत्र के गायघाट निवासी गंगा सागर प्रसाद की 18 वर्षीय पुत्री गुनगुन कुमारी अपने परिवार के साथ रेलवे स्टेशन के उतरी हिस्सें की कॉलोनी में किराए पर रहती थी। उसका छोटा भाई पास के ही एक निजी विद्यालय में पढ़ता है।

मिली जानकारी के अनुसार वह अपने भाई को स्कूल से लाने जा रही थी। इसी दौरान यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ के हवलदार डीके सिंह, जीआरपी के एएसआई विपीन कुमार सिंह तथा यात्री कल्याण समिति अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह मौके पर पहुंचे। जीआरपी ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

वीडियो वायरलः अक्सर गायब रहते है कर्मी, वरीय पदाधिकारी नहीं करते कार्रवाई

12 बजे तक बंद था केसठ अंचल ऑफिस सीओ, आरओ व राजस्व कर्मचारी गायब

केटी न्यूज/केसठ

केसठ अंचल कार्यालय में इन दिनों 12 बजे भेंट नहीं और 3 बजे लेट नहीं की कहावत चरितार्थ होते दिखाई दे रही है। भले ही पंचायती राज के कार्यों के दक्षता में केसठ प्रखंड को राज्य में पहला स्थान हासिल हो। लेकिन, अंचल कार्यालय से पदाधिकारियों व कर्मियो के गायब रहने के मामले भी अंचल कार्यालय अव्वल स्थान पर है। अंचल कार्यालय में आम जनता के बीच से सीओ, आरओ, राजस्व कर्मचारी एवं अन्य कर्मियो के गायब रहना कौतूहल का विषय बना हुआ है।

बुधवार को अंचल कार्यालय में अपने कार्यों को लेकर क्षेत्र के कुछ प्रबुद्धजनों ने 12 बजे तक अंचल कार्यालय से अंचलाधिकारी व अन्य कर्मियों के गायब रहने का वीडियो बना वायरल कर दिया। देखते देखते यह वीडियो कई ग्रुपों में शेयर होता रहा। वही ग्रुप से जुड़े सदस्यों द्वारा तरह तरह के कमेन्ट भी किये जा रहे है। वायरल वीडियो में क्षेत्र के सौरभ

पाठक, मिश्रीलाल, सुनील तिवारी सहित अन्य बता रहे हैं कि एक साल व छः माह से अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। बावजूद उनका कार्य नहीं हो रहा है। अधिकारी व कर्मी अक्सर गायब रह रहे है। अब यह देखना है कि वायरल वीडियो पर जिले के वरीय अधिकारी क्या ऐक्शन लेते है। ताकि लोगों को अपना कार्य कराने में राहत मिल सके। बता दें कि अभी कुछ महीने पहले ही प्रखंड कार्यालय परिसर में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ था। जिसमें जिला पदाधिकारी, एसडीएम सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने लोगों को योजनाओं से संबंधित जानकारी दिए थे व समस्या सुन आवेदन लिए थे। आश्वासन दिया गया था कि समस्या का निष्पादन संबंधित आधिकारियों द्वारा किया जाएगा। लेकिन यहां अंचल कार्यालय में तो अक्सर अपने अपने दफ्तरों से आधिकारी एवम कर्मी गायब मिलते है। ऐसे में लोगों के कार्य कैसे निष्पादित हो पाएगा, यह लाख टके का सवाल बना हुआ है। वही इस संबंध में प्रभारी सीओ अजित कुमार सिंह से संपर्क स्थापित करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने मोबाईल रिसिव नहीं किया, जिस कारण संपर्क नहीं हो सका।

प्रभार में चल रहा है सीओ का पदः बता दें कि केसठ अंचल में सीओ का पद प्रभार में चल रहा है। निवर्तमान सीओ के स्थानांतरण के बाद अभी तक यहां स्थायी सीओ की नियुक्ति नहीं की गई है। अलब्बता नावानगर सीओ अजित कुमार सिंह को केसठ अंचल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। चुकि वे मुलरूप से नावानगर अंचल के सीओ है, जिस कारण हर दिन केसठ नहीं आ पाते है। यही कारण है कि अंचल कार्यालय के कर्मी अक्सर मनमानी करते है। लोगों का कहना है कि यहां कभी भी समय से कर्मियों से मुलाकात नहीं हो पाती है।

क्या कहते है बीडीओः अभी तक ऐसी जानकारी नहीं मिली है। वायरल वीडियो के सत्यता की जांच करवाई जाएगी तथा दोषियों पर कार्रवाई के लिए वरीय अधिकारियों को प्रतिवेदन भेजा जाएगा। वैसे अंचल अधिकारी के प्रभार में रहने से कर्मी लापरवाह हुए है। लापरवाह कर्मियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। - **मिथिलेश बिहारी वर्मा, बीडीओ, केसठ**

एक नजर

जीवन में द्वंद का रहना नियतिः कृष्णानंद शास्त्री

डुमरांव। जीवन में द्वंद का रहना नियति है। सुख-दुःख, हानि-लाभ का चक्र निरंतर चलते रहता है। उक्त बातें प्रसिद्ध कजियां धाम परिसर में चल रहे प्रवचन में बुधवार को चर्चित प्रवचनकर्ता कृष्णानंद शास्त्री उर्फ पौराणिक जी महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि मृत्यु सबसे विकट समस्या है, जिसका समाधान मनुष्य के पास नहीं है। पौराणिक जी ने कहा कि आज से साढ़े पांच हजार वर्ष पहले जब शुकताल में गंगातट पर आयोजित धर्म संसद में इस बात पर चर्चा होने लगी कि अवश्यंभावी मृत्यु के निवारण का अचूक उपाय क्या है, तब दुनिया के सभी ज्ञानी इस प्रश्न पर मौन हो गए थे। उस समय 16 वर्षीय परमहंश भगवान शुकदेव जी ने यह घोषणा की कि इस भवसागर में मृत्यु का भय दूर करने में एकमात्र श्रीमद् भागवत पुराण ही समर्थ है। कलियुग में यह पुराण विश्व कल्याण में समर्थ है तथा भवसागर से पार लगाने का अचूक उपाय भी है। उन्होंने प्रवचन के दौरान राजा परिक्षित की कथा भी सुनाई और कहा कि श्रीमद्भागव के कथा श्रवण से उन्हें मुक्ति मिल गई थी। उन्होंने कहा कि यह समस्त मानव समाज का परम हितैषी व परम कल्याण कारक ग्रंथ है। उन्होंने कहा कि यह वह पुराण है जो पंच पुरषार्थ का महादानी है। यहां किसी के साथ भेदभाव नहीं है। बता दें कि कजियां धाम में यह कथा का तीसरा दिन था। वही पूर्णिमा के दिन इस मंदिर का वार्षिकोत्सव भी मनाया जाएगा। मंदिर प्रबंधन द्वारा इसकी तैयारी तेज कर दी गई है।

कोरानसराय में खुला जिम, युवाओं को मिलेगा लाभ

डुमरांव। प्रखंड के कोरानसराय में युवाओं को फिट रखने के उदेश्य से एक जिम का उदघाटन किया गया। उदघाटना कोरानसराय थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह व सामाजिक कार्यकर्ता सर्वजीत पांडेय उर्फ करिया पांडेय ने किया। अपने संबोधन में थानाध्यक्ष ने ग्रामीण क्षेत्र में इस जिम की शुरूआत करने पर संचालक राज पांडेय उर्फ चंदन को धन्यवाद दिया और कहा कि जिम में कसरत कर युवा अपने को फिट रख पाएंगे। उन्होंने कहा कि यह प्रयास सराहनीय है। वही सर्वजीत पांडेय ने कहा कि जिम खुलने से अब ग्रामीण क्षेत्र के युवा भी अपने शरीर को गठीला बना सकते है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए यह जिम वरदान साबित होगा। वही संचालक राज पांडेय ने कहा कि युवाओं के शरीर को सुडौल व सुगठित बनाने के उदेश्य से ही इस जिम का उदघाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास अधिक से अधिक युवाओं को इस जिम से जोड़ उन्हें स्वस्थ्य व स्फूर्त के साथ ही शारीरिक रूप से मजबूत बनाना है। मौके पर ट्रेनर रिंकू उपाध्याय, राहुल मिश्र व सुरेन्द्र सिंह के अलावे दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

मतदाता पुनरीक्षण के विशेष कैंप में लापरवाही बरतने वाले बीएलओ से स्पष्टीकरण

सिमरी। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रशासन द्वारा मतदाता सूचीइ 2024 का संक्षिप्त पुनरीक्षण करवाया जा रहा है। इसके तहत सिमरी प्रखंड के सभी बूथों पर 28 व 29 अक्टूबर को विशेष कैंप का आयोजन कर बीएलओ से फार्म 6, 7 और 8 भरकर जमा करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन प्रखंड के विभिन्न बूथों के कुल 56 बीएलओ द्वारा उक्त दो दिनों में एक भी प्रपत्र न तो ऑफ लाईन व न ही ऑन लाईन जमा किया गया था। जिसे निर्वाचन कार्य में लापरवाही मानते हुए बीडीओ ने सभी बीएलओ से स्पष्टीकरण पूछा है। वही उनलोगों को 25 और 26 नवंबर को आयोजित विशेष कैंप में मतदाता पुनरीक्षण से संबंधित प्रपत्र भरकर जमा करने का निर्देश दिया है। बता दें कि प्रखं डमें कुल 157 बीएलओ में 92 शिक्षक तथा 65 आंगनबाड़ी सेविका शामिल है। इनमें आंगनबाड़ी से जुड़ी 56 बीएलओ ने दो दिन के विशेष कैंप में एक भी प्रपत्र भरकर जमा नहीं किया है। बीएलओ के मतदाता सूची पुनरीक्षण के काम में दिलचस्पी नहीं लेने से उनके बूथों पर निर्वाचन संबंधित कार्य प्रभावित हो रहे है। बीडीओ शशिकांत शर्मा ने कहा कि निर्वाचन कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समय से काम पूरा नहीं करने वाले बीएलओ को सबक सिखाया जाएगा।

निदान केन्द्र में मुफ्त चिकित्सा शिविर आज

डुमरांव। नगर के स्टेशन रोड स्थित पाल कटरा में संचालित निदान केन्द्र में गुरूवार को न्यूरों मरीजों के लिए मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। यह आयोजन अस्पताल प्रबंधक अक्षय कुमार द्वारा क्षेत्र के न्यूरो मरीजों को निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श देने के लिए आयोजित करवाया जा रहा है। जिसमें वाराणसी के प्रसिद्ध न्यूरोलाजिस्ट डा. पंकज कुमार द्वारा न्यूरो व साइको मरीजों की जांच कर उचिव सुझाव दिया जाएगा। अक्षय ने बताया इस क्षेत्र में न्यूरो मरीजों की संख्या बहुत अधिक है। अधिकांश लोग पैसे व न्यूरोलाजिस्ट के अभाव में समय पर उचित इलाज नहीं करा पाते है। ऐसे लोगों को ध्यान में रखकर ही इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

वर्ष 2024 में फिर प्रधानमंत्री बनेंगे नरेंद्र मोदीः प्रदीप राय

केटी न्यूज/बक्सर

जिले के चर्चित होटल व्यवसायी व वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप राय ने बुधवार को केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के साथ बैठक कर शाहाबाद समेत बिहार में भाजपा की मजबूती पर चर्चा की। इस दौरान जिले के सभी बूथों पर पार्टी को मजबूत करने के साथ ही शाहाबाद व बिहार में भाजपा कैसे मजबूत होगी इस पर चर्चा की गई तथा उसे अमलीजामा पहनाने की रणनीति तैयार की गई। इस दौरान प्रदीप राय ने कहा कि 2024 में भाई नरेन्द्र मोदी एक बार फिर से पूर्ण बहुमत पा प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री के साथ उनकी वार्ता काफी सफल रही है। पीएम के नेतृत्व में देश में विकास की गंगा बह रही है। विपक्षियों के पास जब कोई मुद्दा नहीं बचा तो सभी नरेन्द्र मोदी को हराने के लिए एकजुट हो रहे है। लेकिन उनका गठबंधन स्वार्थ पर टिका है। वही केन्द्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि प्रदीप राय के पार्टी में आने के बाद पार्टी पहले से भी अधिक मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि 2024 में एनडीए रिकार्ड बहुमत से जीत दर्ज करेगी। जनता का विश्वास एनडीए व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ है। बैठक में भाजपा नेता निर्भय राय समेत कई अन्य मौजूद थे।

बेलहरी गांव में नहर में डूबने से एक युवक की मौत, पसरा मातम

नावानगर। सिकरौल थाना क्षेत्र के बेलहरी गांव स्थित नहर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। हालांकि नहर में पानी कम था। बावजूद युवक डूब गया था। मृतक की पहचान अकरौरा गांव निवासी राम सिंह चौधरी के रूप में हुई है। ग्रामीणों की मानें तो वच मंद बुद्धि था। हालांकि मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। ग्रामीणों का अनुमान है कि वह नहर पुल के नीचे शौच करने गया होगा, जहां नहर में गिर गया होगा। घटना बुधवार सुबह दस बजे कि है। बताया जाता है कि ग्रामीण नहर के रास्ते खेत घूमने जा रहे थे। तभी उनकी नजर नहर पुल के नीचे पानी में उतराए शव पर पड़ी। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये बक्सर भेज दिया। इस संबंध में सिकरौल थानाध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद ने बताया कि बेलहरी नहर पुल के पास से एक 22 वर्षीय युवक का शव बरामद किया गया। साथ ही इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दे दिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिये बक्सर भेज दिया गया है।

चोर चुरा ले गए चौसा में निगाहबानी के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा पर सवाल

केटी न्यूज/चौसा

चौसा नगर पंचायत क्षेत्र में चोरों पर नजर रखने के लिए चार माह पहले पांच लाख की लागत से विभिन्न जगहों पर लगाए गए दर्जन भर सीसीटीवी कैमरों में से तीन की चोरी हो गई है। वही अन्य कैमरे चार महीने में ही खराब हो गए है। जिससे लाखों रूपए के खर्च के बावजूद लोगों तथा चौसा नगर पंचायत प्रशासन को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। वही कैमरों के खराब होने से उनकी गुणवत्ता पर भी सवाल उठने लगे है। ग्रामीणों ने कैमरा लगाने के नाम पर लूट खसोट करने का आरोप लगाया है।

गौरतलब है कि चोरी व अपराध पर नकेल कसने के लिए जिला पदाधिकारी के निर्देश पर चौसा नगर पंचायत द्वारा अगस्त माह में पांच लाख की लागत से नगर के अखौरीपुर गोला, यादव मोड़, बारे मोड़, दुर्गा मंदिर व स्टेशन मार्ग में कुल 12 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। सभी कैमरों का कनेक्शन मुफस्सिल थाने में भी था। ताकी पुलिस क्षेत्र पर आसानी से नजर रख सकें। जिनका सारा कनेक्शन मुफ़स्सिल थाने में की गई। लेकिन अगले महीने से ही कैमरों ने काम करना बंद कर दिया। एक महीना बाद ही 12 में से नौ कैमरे काम करना बंद कर दिए। इस बात की पुष्टि थाने में लगे सीसीटीवी से हुई। जबकि यादव मोड़ पर लगे तीन कैमरे कार्य कर रहे है। इसी दौरान तीन कैमरों की चोरी भी हो गई है। लेकिन न तो एजेंसी और न ही नप प्रशासन द्वारा इसका एफआईआर करवाया गया है। जिससे कई सवाल खड़े हो रहे है। नप के प्रधान

लिपिक सत्यप्रकाश ने बताया कि आरा के एक एजेंसी को कैमरा लगाने का काम दिया गया था। हालांकि अभी भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने बताया बन्द कैमरों को जल्द ठीक करने को कहा गया है। वही, दूसरी तरफ ग्रामीणों ने बताया कि कैमरे लगाने से पहले पूरे नगर में लाइट की व्यवस्था कराना चाहिए जिससे कि कैमरे भी सही कार्य कर सके। ग्रामीणों का कहना है कि बिना लाईट लगाए, कैमरा लगाना लूटखसोट का संकेत है।

कहते हैं मुख्य पार्षद प्रतिनिधि

दर्जन भर कैमरे लगाए गए है। जिनमें तीन के चोरी होने की मिली है। अभी तक कैमरा लगाने वाले एजेंसी ने चौसा नगर पंचायत कार्यालय को सम्पूर्ण कैमरे लगाए जाने की सूचना नहीं दी है। अब चोरी हो या खराब सारी जवाबदेही एजेंसी की है। इसे जल्द से जल्द ठीक करने का निर्देश दिया गया है। - **डा. मनोज कुमार यादव, चेयरमैन प्रतिनिधि, चौसा, नप**

ओपीडी में आने वाले टीबी के लक्षणों के सभी मरीजों की होगी जांच - सिविल सर्जन

खांसी को नजरअंदाज करने पर परिणाम हो सकते हैं भयावहः डॉ सिन्हा

केटी न्यूज/बक्सर

बढ़ती ठंड के कारण जिले में सर्दी जुखाम के मरीजों की बढ़ोत्तरी हुई है। ऐसे में जानकारी के अभाव में टीबी के लक्षण वाले मरीज भी सामान्य खांसी समझ कर अपना इलाज करा रहे हैं। जिसको गंभीरता से लेते हुए सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने सदर अस्पताल में आने वाले टीबी के लक्षण वाले मरीजों की शत प्रतिशत जांच का निर्देश दिया है। लेकिन, इन सबके बीच चिंता का विषय यह है कि कई लोग घरेलु इलाज या फिर बेफिक्री में खांसी का इलाज नहीं कराते हैं। जो आगे जाकर टीबी का रूप भी ले सकती है। जो लोगों के लिये परेशानी का सबब बन सकती है। यदि ज्यादा दिनों तक खांसी को नजरअंदाज किया जाये, तो इसके परिणाम काफी भयावह हो सकते हैं। इसलिये 15 दिनों से अधिक खांसी रहने पर अनिवार्य रूप से बलगम की जांच करानी चाहिये। ताकि, टीबी के लक्षणों की पहचान कर उसका इलाज शुरू हो सके।

टीबी की जल्द से जल्द पहचान जरूरी

जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया, टीबी एक जटिल रोग है। इसे जल्द से जल्द पहचान कर इलाज शुरू किया जाना चाहिए, ताकि दूसरों व्यक्तियों में यह संक्रमित बीमारी न पहुंचे। उन्होंने बताया कि सरकार 2025 तक पूरे भारत से टीबी को जड़ से मिटाने के लिये प्रतिबद्ध है। पहले के मुकाबले मृत्यु दर में काफी कमी आई है। उम्मीद है कि जल्द ही जिले में टीबी पर काबू पा लिया जाएगा। टीबी उन्मूलन में जनभागीदारी बहुत ही जरूरी है। अगर लोग सहयोग करें तो यह बीमारी समय से पहले खत्म हो सकती है।

जिला यक्ष्मा केंद्र में सीबी नॉट से की जाती है जांचः डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया, जिले में माइक्रोस्कोपिक, टू नॉट और सीबी नॉट मशीन के माध्यम से टीबी के लक्षण वाले मरीजों के स्पूटम की जांच की जाती है। जिसमें सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर माइक्रो स्कोप के माध्यम से जांच किया जाता है। वहीं, टू नॉट के माध्यम से सिमरी, ब्रह्मपुर, नावानगर, डुमरांव व सदर अस्पताल में सैंपलों की जांच की जाती है। इसके अलावा जिला यक्ष्मा केंद्र में सीबी नॉट से की जांच की जाती है। उन्होंने बताया कि सभी सरकारी अस्पतालों में टीबी के मरीजों के इलाज की निरूशुल्क सुविधा उपलब्ध है। जहां पर वह अपना इलाज करा सकते हैं। इसके साथ उनको निरूशुल्क दवा भी दी जाती है। जो नजदीक स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध है। इससे टीबी के मरीजों को काफी सहूलियत होती है।

जांच में पुष्टि हो के बाद निःशुल्क मिलती है दवाः जिला यक्ष्मा केंद्र के डीपीसी कुमार गौरव ने बताया कि टीबी का लक्षण वाले मरीज अनिवार्य रूप से जांच कराएं। टीबी का हल्का-सा भी लक्षण दिखे तो जांच कराने स्वास्थ्य केंद्र जाएं। जांच में पुष्टि हो जाने के बाद आपको निःशुल्क दवा मिलती है। साथ में पौष्टिक भोजन की समस्या को दूर करने के लिए भी 500 रु. की राशि भी दी जाती है। जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में टीबी की जांच और इलाज की व्यवस्था है। इसलिए अगर लक्षण दिखे तो तत्काल जांच कराएं। मरीजों को निःशुल्क दवा उपलब्ध कराई जाती है। साधारण टीबी और एमडीआर टीबी दोनों में से किसी भी तरह के मरीज हों, अपनी दवाओं का नियमित सेवन करें। साधारण टीबी मरीजों की दवा छह महीने तथा एमडीआर की छह से 20 महीने तक चलती है।

मऊ से मुम्बई के लिए नई ट्रेन को नगर विकास मंत्री ने दिखाई हरी झंडी

केटी न्यूज/मऊ

प्रयागराज जं. उद्घाटन ट्रेन सेवा को रेल, संचार, सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से समारोह को सम्बोधित करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने छठ पूजा की शुभकामनायें दीं। मऊ क्षेत्र के निवासियों को मऊ-मुम्बई (लोकमान्य तिलक टर्मिनस) उद्घाटन ट्रेन सेवा के शुभारम्भ की बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी रेलवे को देश के विकास की एक बड़ी कड़ी मानते है। रेलवे को ट्रान्सफार्म किया जा रहा है और उत्तर प्रदेश में रेलवे का शत-प्रतिशत

विद्युतीकरण किया जा चुका है। रेलवे के इन्फ्रास्ट्रक्टचर को मजबूत किया जा रहा है। इसके लिये रेलवे में निवेश पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसके फलस्वरूप नई सुविधायें उपलब्ध कराने के साथ रोजगार के अवसर बढ़ाये जा रहे है।

रेल मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश हर दृष्टि से महत्वपूर्ण एक विशाल राज्य है, जिसको देखते हुए वर्ष 2023-24 में उत्तर प्रदेश में रेलवे के इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार एवं विकास हेतु बजट में 17507 करोड़ का आवंटन किया गया जो वर्ष 2009-14 के औसत बजट आवंटन रू. 1109 करोड़ से लगभग 16 गुना अधिक है। इस समय उत्तर प्रदेश में 98 हजार करोड़ की रेल परियोजनायें चल रही है। उत्तर प्रदेश में आगामी 50 वर्षों की आवागमन संबंधी आवश्यकताओं को देखते हुए 156 स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य किया जा रहा है, जिसमें मऊ जं. स्टेशन भी सम्मिलित है। इन स्टेशनों को वर्ल्ड क्लास बनाया जा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 508 स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास किया था। मऊ जं. स्टेशन के पुनिर्विकास की डिजाइन तैयार की जा चुकी है। आप यदि इस डिजाइन में सुधार हेतु सुझाव देना चाहते हैं तो आपका स्वागत है।

समारोह को सम्बोधित करते हुए मंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा ने लोकमान्य तिलक टर्मिनस नई ट्रेन के संचालन के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे पत्र पर इस ट्रेन के संचलन को मंजूरी दी गयी है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का मत है कि रेलवे भारत की अर्थ व्यवस्था का वाहक है और इस समय रेलवे को एक नई ऊँचाई दी जा रही है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण यह नई ट्रेन है। इस समय रेलवे में संरक्षा का रिकार्ड काफी अच्छा है। आज रेल मंत्रालय द्वारा पूर्वान्चल के लोगों के लिये नई ट्रेन का जो उपहार दिया गया, उससे लोगों की एक बड़ी मांग पूरी हुई है। महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मंत्री उत्तर प्रदेश अरविन्द कुमार शर्मा, श्रम एवं सेवा योजना मंत्री, उत्तर प्रदेश अनिल राजभर सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया।

एक नजर

भारतीय जननायक पार्टी के प्रदेश महासचिव एआईएमआईएम में शामिल

बलिया। ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमिन पार्टी की बैठक पार्टी के कैंप कार्यालय बहेरी में बुधवार को आयोजित की गई। इस दौरान भारतीय जननायक पार्टी के प्रदेश महासचिव मोहम्मद जफर अली, मोहम्मद शाहिद हुसैन व रोजादीन अहमद नें एआईएमआईएम के प्रदेश महासचिव मोहम्मद शमीम खान के हाथों पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिनका पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारीयों ने टोपी, पार्टी व गमछी पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मोहम्मद शमीम खान ने बताया कि पूरे प्रदेश में पार्टी बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है। हर समाज, हर वर्ग के लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। समाज का अच्छा और तरक्की चाहने वाले लोग बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब को अपना नेता मान चुके हैं। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पश्चात मोहम्मद जफर अली ने कहा कि समाज का हर वो आदमी जो समाज की बेहतरी चाहता है बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब से जुड़कर काम करना चाहता है। इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान, जिलाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता, जिला प्रमुख महासचिव महताब आलम, जिला संगठन मंत्री मुदस्सिर अंसारी, जिला सचिव फरीद अहमद मुराद, जिला कोषाध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी, रामकुमार राजभर, छोटन राजभर, त्रिभुवन राम आदि लोग मौजूद रहे।

आजमगढ़ मऊ बॉर्डर पट्टी कांग्रेस की जातिगत जनगणना जन जागरण यात्रा को पुलिस ने रोका

मऊ। मोहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के आजमगढ़ मऊ बॉर्डर पट्टी गांव के पास बुधवार को कांग्रेस द्वारा जातिगत जनगणना जन जागरण यात्रा को बिना परमिशन के निकालने पर प्रशासन ने रोक दिया जिससे कांग्रेसियों में आक्रोश उत्पन्न हो गया। कांग्रेस नेता व पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान के नेतृत्व में जातिगत जनगणना जन जागरण यात्रा निकली जा रही थी जिसमें कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू शामिल हुए । इसकी सूचना प्रशासन को हुई तो प्रशासन ने बिना परमिशन के यात्रा निकाल रहे कांग्रेसियों को रोकने के लिए उपजिला अधिकारी हेमंत कुमार चौधरी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी ने भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर इस यात्रा को रोकने का प्रयास किया। जिससे प्रशासन और कांग्रेसियों में कई बार नोक झोक भी हुई और कई बार नेताओं ने यात्रा को आगे बढाने का प्रयास किया मगर प्रशासन रोक दिया और भीड़ को तीतर बीतर कर मौके से जाने को कहा। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि प्रदेश सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। इस सरकार में किसी को अपने बात कहने का भी अधिकार खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि यह पूरे देश मे जातिगत जनगणना जन जागरण यात्रा चलाया जा रहा है। भाजपा सरकार में गरीबी बेरोजगारी महंगाई आदि चरम सीमा पर बढ़ गई है। जातिगत जनगणना हो जाने से जनता को भारी फायदा होगा जिसके लिए हमारी पार्टी यह यात्रा पूरे देश में निकाल रही है।

सिधउत गांव में फाइलेरिया से ग्रसित 24 रोगियों को रोकथाम किट और दवा प्रदान किया गया

गाजीपुर। जनपद को फाइलेरिया मुक्त बनाने व दिव्यांग्ता रोकथाम के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कासिमाबाद के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिधउत, पंचायत भवन पर फाइलेरिया (हाथी पांव) से ग्रसित 24 रोगियों को रुग्णता प्रबंधन व दिव्यांग्ता रोकथाम (एमएमडीपी) किट और आवश्यक दवा प्रदान की गई। साथ ही रोगियों को घाव की नियमित सफाई के तरीके, योगा व सामान्य व्यायाम के बारे में बताया गया। इस मौके पर जिला मलेरिया अधिकारी (डीएमओ) मनोज कुमार एवं पाथ संस्था के आरएनटीडीओ डॉ अबू कलीम ने सभी रोगियों को एमएमडीपी किट के बारे में सभी रोगियों को प्रशिक्षित किया और एमएमडीपी किट प्रदान की। इस दौरान फाइलेरिया रोगी सहायता समूह (पीएसजी) नेटवर्क के 14 रोगियों को भी किट व प्रशिक्षण दिया। डीएमओ ने बताया कि फाइलेरिया ग्रस्त अंगों मुख्यतः पैर की साफ-सफाई रखने से संक्रमण का डर नहीं रहता है और सूजन में भी कमी रहती है। इसके प्रति लापरवाही बरतने पर अंग खराब होने लगते हैं। इससे समस्या बढ़ जाती है। संक्रमण को बढ़ने से रोकने के लिए दवा भी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि जिनके हाथ-पैर में सूजन आ गई है या फिर उनके फाइलेरिया ग्रस्त अंगों से पानी का रिसाव होता है। इस स्थिति में उनके प्रभावित अंगों की साफ-सफाई बेहद आवश्यक है। इसलिए एमएमडीपी किट प्रदान की जा रही है। इस किट में एक-एक टब, मग, बाल्टी तौलिया, साबुन, एंटी फंगल क्रीम आदि शामिल हैं। पीएसजी नेटवर्क के सदस्य समुदाय को फाइलेरिया के प्रति जागरूक कर रहे हैं। साथ ही बीमारी से जुड़े मिथक को भी दूर कर रहे हैं।

खबरें फटाफट

करंट लगने से किशोरी की मौत

चितबड़ागांव। थाना क्षेत्र के कझारी गांव में बुधवार की शाम बिजली के बोर्ड में प्लग लगाते समय करंट की चपेट में आने से एक किशोरी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया है। परिजनों का रोते–रोते बुरा हाल है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि कझारी गांव निवासी मुद्रिका राजभर की 15 वर्षीय पुत्री अंजली राजभर बुधवार की शाम अपने घर में प्रेस करने के लिए जैसे ही बिजली के बोर्ड में प्लग लगाया, करंट की चपेट में आ गई। आनन–फानन में परिजन उसे रसड़ा सीएचसी ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

तीन घरों में चोरों ने उड़ाए लाखों का सामान

रसड़ा। कोतवाली क्षेत्र के कटया गांव में मंगलवार की रात्रि चोरों ने एक-एक कर तीन घरों में चोरी कर लाखों के समान उड़ा दिया। मिली जानकारी के अनुसार कटयां गांव के भेलाई मौजे में चोरों ने विपेश पासवान के निमार्णाधीन घर में प्रवेश कर 25 हजार नकदी सहित लाखों का सोना-चांदी के गहने उड़ा दिया। वहीं कटयां गांव के ही बुढवा मौजे में चोरों ने दीनानाथ राजभर के घर में घूस कर आलमारी से रखे 25 हजार नकदी तथा मंगला यादव के घर 1600 नकदी सहित अन्य कीमती सामानों को चुरा लिया। चोरी की घटना के बाद दहशत का माहौल है।

पुराने वाहनों के खिलाफ एआरटीओ ने चलाया अभियान

बलिया। एआरटीओ अरूण कुमार राय व सिटी मजिस्ट्रेट ने बुधवार को फेफना तिराहे पर संयुक्त रूप से पुराने वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान 9 एंबेसडर कार, एक बस व दो जीप का चालान किया गया। वहीं इन वाहनों पर दो लाख का जुमार्ना लगाया गया। वाहन स्वामियों को समझाया गया कि पुराने एंबेसडर और जीप की जगह वे परमिटशुदा वाहनों का ही संचालन करें। कहा कि 20 साल पुराने वाहन पर शासन सख्त है। यदि 20 साल पुराने वाहन सड़कों पर संचालित होते पाया गया तो

बलिया जनपद में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत

लोकतंत्र की मजबूती के लिए ग्राम सभा को बनाना होगा सशक्त : मस्त

केटी न्यूज/बलिया

केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं के संतृप्तिकरण के लिए एवं आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत विकासखंड गड़वार से की गई। इस लोक संवाद कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि के तौर पर बतौर मुख्य अतिथि सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त शामिल हुए और उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित भी किया। इस कार्यक्रम में विकासखंड गढ़वाल के ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, पंचायतों के सदस्य और क्षेत्र पंचायत समिति के सदस्य शामिल थे।

सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद में विकसित भारत की संकल्प यात्रा की शुरूआत यहां से हुई है। इस यात्रा का उद्देश्य समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सरकार की विभिन्न महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को संतृप्त करना है। इसी परिकल्पना के माध्यम से यह भारत के प्रारंभिक लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा के लोग ही लोकतंत्र में पहली पीढ़ी लोग हैं। इनके बिना लोकसभा भी

ताकतवर नहीं हो सकती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यही संवाद दुनिया के सामने रखते हैं। इसीलिए इस कार्यक्रम का नाम लोक संवाद कार्यक्रम- ग्राम सभा से लोकसभा तक रखा गया है। लोक संवाद का यह कार्यक्रम जनपद के 940 ग्राम पंचायतों में 26 जनवरी 2024 तक लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए चलता रहेगा। उन्होंने जिलाधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी ग्राम सभा के सदस्यों और क्षेत्र पंचायत समिति के सदस्यों को लाभान्वित करने का प्रयास करें और ये लाभार्थी सदस्य गांव के दूसरे वंचित लोगों को योजनाओं से जोड़ने का काम करेंगे। खासतौर से पशुपालन और कृषि विभाग के अधिकारी इन बातों पर विशेष रूप से ध्यान दें। उन्होंने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का भी जिक्र किया। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए जिलाधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को धन्यवाद दिया और कहा कि सरकार की महत्वपूर्ण योजना से वंचित लोगों को लाभान्वित करें, तभी इस कार्यक्रम की सार्थकता सिद्ध हो पाएगी।

बलिया हमेशा नजीर पेश करता है: जिलाधिकारी : जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बलिया की क्रांतिकारी धरती हर बार कुछ नया करती है और हमारा इतिहास रहा है कि कुछ चीज हम ऐसी शुरू करते हैं जो पूरे देश के लिए नजीर बनती है। आजादी की लड़ाई में भी बलिया ने 1942 में ही आजादी की अलख जगा दी थी और सबसे पहले आजाद हो गया था। इसी तरीके का यह क्रांतिकारी कदम सांसद जी के प्रयासों से शुरू हुआ है। यह प्रधानमंत्री की परिकल्पना से जोड़ते हुए लोक संवाद कार्यक्रम रखा गया है। इसमें ग्राम पंचायत के सदस्यों और क्षेत्र पंचायत समिति के सदस्यों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है, जो चुनाव के बाद लगभग उपेक्षित हो जातें हैं, उनको इस कार्यक्रम से जोड़ते हुए सांसद जी के प्रयासों से ग्राम सभा से लोकसभा तक की सीढ़ी बनाने की परिकल्पना की गई है। उन्होंने सांसद जी के इस पुनीत कार्य के लिए उनको धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्र वंचित लोगों को जागरूक कर लाभान्वित करना है। इस कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज, परियोजना निदेशक उमेश मणि त्रिपाठी, कृषि उपनिदेशक मनीष कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

महिलाओं को वितरित किया गया प्रमाण पत्र: कार्यक्रम की समाप्ति के बाद सांसद, जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना, महिला स्वयं सहायता समूह की लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

आठवें दिन पकड़ा गया दुष्कर्म के प्रयास व गला रेतने का आरोपी

गाजीपुर। रेवतीपुर थाने के एक गांव में सात दिन पहले किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास व गला रेतने के मामले में वांछित मुख्य आरोपी को पुलिस ने आठवें दिन मंगलवार को क्षेत्र के एक ईंट भठ्ठे से हमले में प्रयुक्त चाकू के साथ दबोच लिया। पूछताक्ष के बाद उसका संबंधित धाराओं में चालान कर और मेडिकल कराने के बाद आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां उसके आरोपों की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने उसे 14 दिनों के न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेज दिया।

जबकि इस मामले में पूछताछ के लिए पकड़े गए सभी सातों लोगों के घटना में संलिप्ता न पाए जाने पर पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया है। हालांकि पुलिस के द्वारा अभी तक किशोरी का मजिस्ट्रेट के समक्ष कलमबंद बयान पुलिस दर्ज नहीं करा सकी है। उधर पुलिस के अनुसार दुष्कर्म की आशंका के मद्देनजर भेजी गई स्लाइड की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र प्रताप ने बताया कि उपनिरीक्षक भोलानाथ सरोज अपने हमराही सिपाहियों अभय कुमार बिंद व संगम शुक्ला के साथ नवली गांव के समीप चेकिंग कर रहे थे कि जरिए मुखबिर सूचना मिली कि मामले में वांछित कहीं भागने की फिराक में हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम को देख वह भागने लगा। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। बताया कि तलाशी लेने पर उसके पास से हमले में प्रयुक्त खून से सना चाकू बरामद हुआ।

मामा के घर में मिला भांजे का शव युवक के गले में था रस्सी का फंदा

केटी न्यूज/दुबहड़

दुबहड़ थाना क्षेत्र के बसरिकापुर गांव में मंगलवार की देर शाम एक युवक का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। चौकीदार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त की कोशिश की, जिसमें सफलता भी मिली। युवक की मौत कैसे हुई? इसकी पड़ताल में पुलिस जुटी है। फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्रित किये।

मंगलवार की देर शाम बसरिकापुर के चौकीदार ने पुलिस को सूचना दी कि बसरिकापुर गांव के एक मकान में एक युवक का शव पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि एक युवक जमीन पर गिरकर मरा पड़ा है। उसके गले में रस्सी का फंदा और दीवार पर रस्सी टूटी पड़ी हुई थी। कुछ देर बाद युवक की मां गायत्री देवी पत्नी विजय शंकर तिवारी ने युवक की पहचान अपने पुत्र अभिषेक तिवारी उर्फ गोलू (20) के रूप में की। रेवती थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीनगर गांव निवासी मां गायत्री ने बताया कि गोलू बसरिकापुर में अपने मामा के यहां कभी कभार आता जाता रहता था। यह घटना कैसे हुई? समझ नहीं आ रहा। पुलिस ने शव को अंत्य परीक्षण के लिए बलिया भेज दिया। वहीं, इस घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हैं। वहीं, पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। वैसे मामले की जांच हर एंगल से की जा रही है।

रेलकर्मियों की कमाई डकारने वाला पकड़ाया

केटी न्यूज/चंदौली

रेल कर्मियों के एकाउंट से छेड़छाडकर उसकी जगह अपना और अपनी पत्नी का एकाउंट नंबर डालकर रेल कर्मचारियों की गाढ़ी कमाई हेराफेरी करने वाले रेलवे क्लर्क को मुगलसराय कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरपीएफ सिपाही के फंड का पैसा दूसरे के खाते में जाने से पूरा मामला पकड़ में आया है। मुगलसराय कोतवाली में मुकदमा दर्ज किए जाने के बाबत मिली तहरीर के बाद पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार ने मामले की गंभीरता से लेते मातहतों को जल्द से जल्द इसका पदार्फाश करने का निर्देश दिया था। बुधवार को पुलिस लाइन में इसका खुलासा एसपी ने किया।

उन्होंने बताया कि सहायक सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल पीडीडीयू नगर हरिनारायण राम ने मुगलसराय कोतवाली में सूचना दी थी कि आरक्षी मो. मुजीब ने पीएफ खाते से 17 अक्टूबर को 92000 रुपये निकासी हेतु आवेदन बिलिंग क्लर्क को प्रार्थना पत्र दिया था, जो 17 अक्टूबर को ही मुख्यालय हाजीपुर अग्रसारित हो गया। उसी दिन धनराशि आवंटित कर दी गयी, जो मो. मुजीब के खाते में नहीं आई। 19 अक्टूबर को कार्यालय अधीक्षक के यहां से जानकारी की गयी तो ज्ञात हुआ कि

पैसा आवेदक के खाते में भेज दिया गया है। अभियुक्त युवराज सिंह ने मो. मुजीब के खाते के स्थान पर अपनी पत्नी नीतू का खाता दर्ज किया था. इससे पैसा उसकी पत्नी के खाते में चला गया।युवराज अपनी पत्नी के खाते से पैसा मो. मुजीब के खाते में ट्रांसफर नहीं कर पाया। बैंक से पे-स्लीप निकलवाने पर हेराफेरी की जानकारी हुई। इसके आधार पर पुलिस ने युवराज सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया. अब तक की विवेचना में पता चला कि युवराज सिंह अधिकारियों-कर्मचारियों का 3 करोड़ 61 लाख 91 हजार 217 रुपया अपने व अपनी पत्नी के खाते में पैसा ट्रांसफर कर चुका था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपित को हरिशंकरपुर मोड़ से गिरफ्तार किया।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह की जयंती पर विविध कार्यक्रम का हुआ आयोजन

गरीबों, किसनों, शोषितों व अल्पसंख्यकों के मसीहा थे मुलायम सिंह: आशुतोष

केटी न्यूज/चंदौली

समाजवादी पार्टी के संरक्षक, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व केंद्रीय रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती पर बुधवार को विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य स्थित पार्टी कार्यालय में विचार गोष्ठी के साथ-साथ विविध कार्यक्रम के साथ मुख्यालय स्थित पंडित कमलापति त्रिपाठी जिला चिकित्सालय में फल वितरण कर उनके विचारों को कार्यकताओं और पदाधिकारी को आत्मसात करने का आह्वान किया। वहीं एमएलसी आशुतोष सिन्हा कार्यकताओं के साथ पदाधिकारी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया और नेताजी के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए

कार्यकताओं को प्रेरित किया। इस दौरान एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने हमेशा गरीबों, मजलूमों और अल्पसंख्यकों की लड़ाई जीवन पर्यंत लड़ा। साथ ही वे रक्षा मंत्री रहने के दौरान देश की रक्षा करते समय शहीद हुए जवानों के पार्थिक शरीर को सम्मान के साथ घरों को पहुंचाने का काम किया। आज भी हमारे बीच में नहीं है लेकिन उनके विचार आज हमारे बीच अवश्य उन विचारों को हम सभी समाजवादियों को गांव वहां तक लोगों को बताने की जरूरत है।यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।हम सभी को उनके जन्मदिन पर यह संकल्प लेना होगा कि गरीबों मजलूमों किसने और नौजवानों के सपने को पूरा करने के लिए संघर्ष करने में पीछे नहीं रहेंगे । जिला पंचायत सदस्य रमेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता धनबल के आगे भटक गए,लेकिन हम सभी को नेताजी के जन्मदिन पर यह संकल्प लेना होगा कि दृढ़ता के साथ-साथ ईमानदारी से पार्टी का कार्य करें। इस दौरान सत्य नारायण राजभर, चंद्रभानु यादव, अशोक त्रिपाठी उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाई गई पूर्व रक्षामंत्री की जयंती

सिकन्दरपुर। बस स्टैंड के समीप सपा कार्यालय पर बुधवार को पूर्व रक्षा मंत्री एवं तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की जयंती धूमधाम से मनाई गई। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी ने कहा कि नेता जी दबे कुचले, शोषितों एवं किसानों, नौजवानों, व्यापारियों और मजदूरों के नेता थे। जिन्होंने जनहित के सवालों पर हमेशा सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ने का काम किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मदन राय, भीष्म यादव, अनंत मिश्रा, रामजी यादव आदि नेताओं ने संबोधित किया।